# प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

**परियोजना विवरण :— जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंतर्गत भगरतोला—चमुवा—कपकोली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (लम्बाई 8.00 किमी0)**

जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंतर्गत भगरतोला—चमुवा—कपकोली मोटर मार्ग के निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0—1110/111(2)/14—52 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 20/02/2014 द्वारा किमी0 8.00 लम्बाई हेतु **रू0 61.29 लाख** की अनुमोदित वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या लाभान्वित होगी।

| क्र0सं0/कोड नं0 | लाभान्वित ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | भगरतोला | 322 |
| 2 | कपकोली | 168 |
| 3 | चमुवा गूंठ | 105 |
| 5 | चमुवा खालसा | 304 |
| | योग | **899** |

यह समरेखन पूर्व स्वीकृत आरतोला—जागेश्वर—नैनी मोटर मार्ग के किमी0 8 है0 0—2 से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन में प्रस्तावित मोटर मार्ग की लम्बाई 8.00 किमी0 आती है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में **2.295** है0 सिविल भूमि तथा वन पंचायत भूमि **0.135 है0** कुल भूमि 2.43 है0 वन भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ यह वन भूमि न्यूनतम वनभूमि है। मोटर मार्ग का भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन 8.00 किमी0 ल0 तथा 9मी0 चौड़ाई में किया गया है। उक्त वन भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया जा रहा है।

मोटर मार्ग के बन जाने से क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा एवं ग्रामवासियों को यातायात/कास्तकारों को दैनिक व सामाजिक जीवन का लाभ हो सकेगा। जिसका वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत तथा पूर्व स्वीकृति हेतु गठित किया जा रहा है। अतः प्रस्तावित वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण कर दिया जाय।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा